प्रारम्भिक सम्बोधन

माननीय सदस्यगण, पंचदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर मैं आपसबों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए नूतन वर्ष की मंगलकामना करता हूँ ।

वर्त्तमान सत्र के दौरान कुल सात बैठकें होंगी, जिनमें महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर विमर्श के लिए दो दिन, तृतीय अनुपूरक विवरणी पर वाद-विवाद के लिए एक दिन, लेखानुदान संबंधी प्रस्ताव पर वाद-विवाद के लिए एक दिन, राजकीय विधेयक के लिए एक दिन तथा गैर-सरकारी संकल्प के लिए एक दिन प्रस्तावित है । आगामी लोक सभा के निर्वाचन प्रक्रिया को ध्यान में रख कर तकनीकी रूप से १२ वाँ सत्र छोटा है, परन्तु महत्वपूर्ण है ।

सदन प्रदेश की समस्त जनता के सर्वांगीण शक्ति का प्रतिबिम्ब है । अतएव जनहित में यह आवश्यक है कि सदन का कार्य व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चले, जिससे जनता में इसके प्रति आस्था और विश्वास कायम रहे । हमारे लोकतंत्र का सर्वाधिक दायित्व सामाजिक परिवर्तन से ही पूरा हो सकता है, जिसके लिए न्याय के साथ विकास आवश्यक है और इसकी प्राप्ति के लिए जन-प्रतिनिधियों को संकल्पशील प्रयत्न करना चाहिए । हम सभी मिलकर प्रदेश के हक तथा विकास के लिए आवश्यक संसाधन प्राप्त करने हेतु चौदहवें वित्त आयेग के समक्ष संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया है, जो प्रदेश के विकास के लिए एकजुटता की मिसाल है ।

लोकतंत्र में संसदीय प्रणाली की सफलता जन-प्रतिनिधियों की भूमिका पर निर्भर करती है, जो नियम, प्रक्रिया एवं मान्य परम्पराओं के अधीन सदन में प्राप्त अवसरों का भरपूर सदुपयोग कर प्राप्त किया जा सकता है ।

पूर्व की भांति सदन में प्रश्नोत्तर-काल आकाशवाणी और दूरदर्शन से सीधा एवं डेफर्ड प्रसारण कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे बिहार के आम-अवाम सदन में आपकी गतिविधियों से रू-ब-रू हो सके । आप अवगत हैं कि बिहार विधान सभा की कार्यवाही को जन-जन तक पहुँचाने के लिए बिहार विधान सभा ने वेबकास्ट सेवा प्रारम्भ की है जिसे webcast.gov.in/biharvs पर देखा जा सकता है । साथ ही संसदीय प्रणाली को प्रभावशाली बनाने हेतु बिहार विधान सभा सचिवालय ने प्रश्नों की ऑन लाईन सूचना प्रणाली प्रारम्भ की है, जिससे माननीय सदस्यों को प्रश्न देने, प्रश्नों के उत्तर जानने संबंधी सुविधायें उपलब्ध हुई हैं, जिसे आप http://blaqrms.bih.nic.in पर देख सकते हैं तथा उसका भरपूर लाभ ले सकते हैं।

मुझे आशा और विश्वास है कि सदन के संचालन में आप सभी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा ।